# मवाना मैराथन में दौड़ेगी दिल्ली

नई दिल्ली। आगामी 17 फरवरी को इंडिया गेट से शुरू होने वाली मवाना शुगर्स इंडिया ओपन मैराथन में दिल्ली की सड़कों पर रिकॉर्ड दस हजार से ज्यादा एथलीट दौड़ेंगे। इस मैराथन की कुल इनामी राशि पन्द्रह लाख रुपये रखी गई है। मवाना शुगर्स लिमिटेड के अध्यक्ष सिद्धार्थ श्रीराम ने बताया कि पिछले साल करीब आठ हजार धावकों ने दौड़ लगाई थी, लेकिन इस बार दौड़ने वालों की संख्या करीब 12 हजार से भी ज्यादा होगी।